इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण का वैश्विक हब बन सकता है भारत

जासं, ग्रेटर नोएडा : भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक मोटर व्हीकल शो व संबंधित उद्योगों पर अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी की शुरुआत ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में गुरुवार से हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन औद्योगिक राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी और सांसद डा. महेश शर्मा ने किया।

ईवी इंडिया शो में ईवी निर्माताओं व संबंधित उद्योग निर्माताओं, सेवा प्रदाताओं ने आधुनिक उत्पादों, तकनीकों, उपकरणों, स्मार्ट व नेक्स्टजैन परिवहन को प्रदर्शित किया गया। इस साल 200 से अधिक प्रदर्शक प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहे हैं। इंडियन एक्जीबिशन सर्विसेज के निदेशक स्वदेश कुमार ने बताया कि भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग नया कारोबार है। इस क्षेत्र में आटोमोबाइल उद्योग के लिए ढेरों अवसर हैं। किसी भी अन्य नए सेक्टर की तरह इस सेक्टर में भी छोटी-छोटी समस्याएं हैं, जिन्हें हल करने की जरूरत है।

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सैंटर एंड मार्ट में आयोजित ईवी इंडिया एक्सपो का शुभारंभ करते औद्योगिक विकास मंत्री जसवंत सिंह सैनी • जागरण

हालांकि फेम2 जैसी मजबूत नीतियों के चलते भारत को ग्लोबल इलेक्ट्रिक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित किया जा सकता है। भारत में ईवी, बढ़ते प्रदूषण जैसी समस्याओं एवं तेल पर निर्भरता को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। एक्सपो में कई स्टार्टअप ने ईवी वाहन लांच किए हैं। इनमें बाइक, स्कूटी, कार, ई-रिक्शा आदि शामिल हैं। याकूजी कंपनी की करिश्मा कार लोगों को आकर्षित कर रही है।